ई–मेल

संख्याः 205-09/पेंशन/सुमंगला–2/2022–23

प्रेषक,

निदेशक,
महिला कल्याण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

महानिबंधक एवं जनगणना आयुक्त,
गृह मंत्रालय, भारत सरकार,
नई दिल्ली।

लखनऊ : दिनांक : 20 जून, 2022

विषयः–उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु ए0पी0आई0 के लिए सूचना उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशालय पत्र संख्या–13–15/निदे0म0क0/पेंशन/सुमंगला/2022–23 दिनांक मुख्यमत्री कन्या सुमंगला योजना के वेबपोर्टल से बालिका के जन्म प्रमाण पत्र संख्या, जन्मतिथि व माता–पिता का नाम ए0पी0आई0 के माध्यम से जनगणना के वेबपोर्टल से पुष्टि करते हुए सत्यापित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया। इसी क्रम में निदेशालय पत्र संख्या–20–23/ निदे0म0क0/पेंशन/सुमंगला/2022–23 दिनांक 20.04.2022 द्वारा मुख्य निबंधक/महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0 से योजना के वेबपोर्टल से बालिका के जन्म प्रमाण पत्र संख्या, जन्मतिथि व माता–पिता का नाम ए0पी0आई0 के माध्यम से जनगणना के वेबपोर्टल से पुष्टि कराने तथा कतिपय बिन्दुओं पर अपनी अनापत्ति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया। उपरोक्त के क्रम में मुख्य रजिस्ट्रार(जन्म–मृत्यु)/महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र दिनांक 24 फ/वी0एस0/सी0आर0एस0सा0–101बी/2022 दिनांक 20.05.2022 जो संयुक्त निदेशक(आई0टी0), भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय, गृह मंत्रालय, दिल्ली को सम्बोधित है, के द्वारा उ0प्र0 सरकार की जनहित संबंधी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन तथा जन साधारण तक राजकीय योजनाओं का लाभ शीघ्र पहुचाये जाने हेतु उ0प्र0 सरकार के किसी राजकीय विभाग को जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र के सत्यापन/पुष्टि किये जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत सी0आर0एस0 पोर्टल पर ए0पी0आई के माध्यम से जन्म–मृत्यु पंजीकरण संबंधी आंकड़ों के उपयोग की प्रशासनिक अनुमति प्रदान की गयी है।

उपरोक्त के संबंध में ई–मेल के माध्यम से एन0आई0सी0 को अवगत कराते हुए विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु सी0आर0एस0 पोर्टल पर ए0पी0आई0 के माध्यम से जन्म–मृत्यु पंजीकरण संबंधी कार्यवाही हेतु अनुरोध किया गया। तदक्रम में एन0आई0सी0 एवं संबंधित तकनीकी अधिकारियों के समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही की गई है। एन0आई0सी0 के संबंधित अधिकारियों ने अपने ई–मेल दिनांक 16.06.2022 द्वारा जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में निम्न से अवगत कराते हुए 'Location of Birth' field also in API की सूचना उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई है:–

Following are the fields used as Location of Birth in MKSY at present:

1. Institutional Delivery/Nursing Home/Health Centre/Ambulance
2. During the travel or in any other emergency situation
3. At Home/at any other place, under care of trained worker

अतः आप से अनुरोध है मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के संबंध में एन0आई0सी0 द्वारा उपरोक्त सूचना उपलब्ध कराये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मनोज कुमार राय)
निदेशक।

पृष्ठांकन व दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, उ0प्र0शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग।
2. मुख्य रजिस्ट्रार(जन्म–मृत्यु)/महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0, स्वास्थ्य भवन, लखनऊ।
3. निदेशक, जनगणना कार्य एवं नागरिकता पंजीकरण, उ0प्र0, जनगणना भवन, प्लाट न0–सी0सी0–1, सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ।
4. श्रीमती अमिता श्रीवास्तव, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, लखनऊ।

(मनोज कुमार राय)
निदेशक।